## न्यूज डायरी



### चीनी मीडिया की धमकी, अमेरिका संग गए मोदी तो परिणाम बेहद बुरा होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। लद्दाख में जारी तनाव को कम करने की कोशिशों के बीच चीन की सरकारी मीडिया ने एक बार फिर से भारत को धमकी दी है कि वह अपनी गुटनिरपेक्षता की नीति का पालन करे और अमेरिका से दूर रहे। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने चेताया कि अगर भारत चीन का विरोध करने के लिए अमेरिका के साथ गया तो चीन अपने हितों की रक्षा करने से हिचकेगा नहीं। फिर चाहे वे राजनीतिक हों या आर्थिक। ग्लोबल टाइम्स ने चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग के हवाले से कहा कि चीन और भारत ने दोनों पक्षों के बीच बनी आम सहमति के बाद सीमा पर तनाव कम करने के लिए कदम उठाए हैं। चीनी अखबार ने कहा कि कुछ विश्लेषकों ने आधिकारिक बयान की प्रशंसा की है जो इस बात के स्पष्ट संकेत देता है कि दोनों देशों के बीच जारी गतिरोध कम हो रहा है। अगर राजनीति का अर्थव्यवस्था और बिजनस पर असर देखें तो द्विपक्षीय व्यापार निस्संदेह प्रभावित होता क्योंकि भारत में चीन विरोधी भावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

### एफए कप फाइनल का नाम प्रिंस विलियम की पहल के नाम पर रखा जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
लंदन। कोरोना वायरस के कारण लगभग दो महीने देरी से होने वाले इंग्लैंड के एफए कप (फुटबॉल एसोसिएशन चौलेंज कप) के फाइनल का नाम प्रिंस विलियम की मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शुरू की गयी पहल के नाम पर रखा जाएगा। प्रिंस विलियम कोरोना वायरस महामारी के कारण पैदा हुई मनोवैज्ञानिक समस्याओं को लेकर चिंतित हैं। ब्रिटेन में इस बीमारी के कारण 40 हजार से अधिक लोगों की जान गयी है जबकि कई लोगों को महीनों तक घरों में रहना पड़ा। विलियम ने आर्सनल की टीम के साथ 'वीडियो कॉल' के दौरान बातचीत में कहा कि एक अगस्त को वेम्बले स्टेडियम में होने वाला फाइनल 'हेड्स अप एफए कप' के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा, "हम वास्तव में फाइनल का उपयोग सभी के लिये अच्छे और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिये करने जा रहे हैं।

### कैलिफोर्निया में अधिकारी पर हमला करने वाला शख्स मारा गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लॉस एंजिलिस। कैलिफोर्निया में डिप्टी शेरिफ के उप प्रमुख पर घात लगाकर हमला करने के आरोपी की पुलिस के साथ गोलीबारी के बाद बृहस्पतिवार को मौत हो गई। पासो रोबल्स शहर में हुए इस हमले के एक दिन बाद बृहस्पतिवार दोपहर को तीन अधिकारियों को मामूली चोटें आईं। सैन लुइस ओबिस्पो शेरिफ के एक प्रवक्ता ने मैसम जेम्स लीरा (26) की मौत की पुष्टि की। गोलीबारी में आरोयो ग्रांड पुलिस विभाग, कैलिफोर्निया हाइवे पेट्रोल और किंग्स काउंटी शेरिफ कार्यालय के अधिकारी घायल हो गए। लीरा पर सैन लुइस ओबिस्पो के डिप्टी शेरिफ पर घात लगाकर हमला करने और उसे गंभीर रूप से जख्मी करने तथा एक व्यक्ति की बुधवार को हत्या करने का आरोप है। इस हमले के बाद मध्य कैलिफोर्निया में व्यापक तलाश अभियान चलाया गया जो बृहस्पतिवार को गोलीबारी के बाद समाप्त हुआ। लीरा के पिता ने बताया कि उनका बेटा मानसिक रूप से बीमार था और वह दवाइयां नहीं ले रहा था।

### चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी कर रही है दूसरे देशों में घुसपैठ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबेरा। कोरोना वायरस को लेकर चीन पहले ही पूरी दुनिया के निशाने पर है, ऑस्ट्रेलिया के साथ उसके संबंध और तल्ख होते जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के एक थिंक-टैंक ने दावा किया है कि चीन दुनिया पर असर डालने के लिए श्वासघ तरीके अपना रहा है। ऑस्ट्रेलिया स्ट्रटीजिक पॉलिसी इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी ने कूटनीति और प्रॉपगैंडा के अलावा दूसरे तरीकों को अपनाना शुरू कर दिया है। अनैलिस्ट ऐलेक्स जॉस्की की रिपोर्ट का चीन ने खंडन किया है। जॉस्की ने दावा किया है कि चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी ने हाल ही में दुनिया के राजनीतिक सिस्टम्स में घुसपैठ करना शुरू कर दिया है।

# भारत और चीन के बीच शुरू हुई बहुस्तरीय बैठक

## बैठक में उच्च स्तर पर बनी सहमति को लागू करने पर बात हो रही

**लद्दाख सीमा विवाद**

■भारतीय सेना भी तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली/पेइचिंग। लद्दाख में जारी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए भारत और चीन के सैन्य अधिकारियों के बीच एक बार फिर से बातचीत शुरू कर दी है। चीनी के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस बहुस्तरीय बैठक में उच्च्च स्त्तर पर बनी सहमति को लागू करने पर बात हो रही है। इस बैठक का मकसद सीमा पर स्थिति को नियंत्रण में लाना है। दोनों देशों के बीच यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब भारत ने लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश की सीमा तक हाई अलर्ट घोषित कर रखा है।

ग्लोबल टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से कहा कि चीन-भारत सीमा पर वर्तमान समय में स्थिति स्थिर और नियंत्रणयोग्य है। दोनों ही पक्षों ने हाल ही में अहम बैठक की है ताकि सीमा पर हालिया तनाव को कम किया जा सके। राजनयिक और सैन्य चैनल से लगातार बातचीत जारी है और सुगमता के साथ चल रही है। इस बीच चीन की घुसपैठ की सुनियोजित साजिश को देखते हुए भारत ने पूरी उत्तरी सीमा पर अपनी सैन्य तैयारी को और पुख्ता कर लिया है।



भारत और चीन के बीच लगती 3488 किमी सीमा पर आर्मी की यूनिट और एयरफोर्स के ठिकानों को पूरी तरह से सक्रिय कर दिया गया है। सेना ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब चीन की सेना पीएलए ने सीमा पर कई जगहों पर अपना जमावड़ा बढ़ा दिया है।

**मीटिंग पर हर किसी की नजर टिकी** सूत्रों ने बताया कि जब तक चीन अग्रिम इलाकों से अपनी सेना को नहीं हटाएगा तब तक भारतीय सेना भी मोर्चे पर डटी रहेगी। पूरे चीन बॉर्डर पर नजर रखी जा रही है। ईस्टर्न लद्दाख में लाइन ऑफ ऐक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर तीन पॉइंट्स से चीनी सैनिकों के कुछ पीछे हटने के बाद पूरी तरह विवाद खत्म करने को लेकर भारत और चीन के सैन्य अधिकारियों के बीच बहुस्तरीय बैठक हो रही है। माना जा रहा है कि इस बैठक से तय होगा कि भारत और चीन के बीच तनाव किस हद तक कम होगा। ऐसे में इस मीटिंग पर हर किसी की नजर टिकी है।

हालांकि, सीमा पर दोनों मुल्कों के हालिया कदम से यह साफ होने लगा है कि भारत-चीन के बीच कुछ तल्खी कम हुई है। खासकर कुछ इलाकों में चीनी सेनाओं के पीछे हटने से ये संकेत मिले हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि फिंगर-4 विवाद का समाधान जल्द निकलने की उम्मीद कम है। 6 जून की मीटिंग में भी माना गया था कि वहां पर गतिरोध लोकल कमांडर या हाईएस्ट लेवल मीटिंग से दूर नहीं हो पाएगा।

**इन इलाकों में विवादः** सूत्रों के मुताबिक, गतिरोध के चार पॉइंट्स में से पेट्रोलिंग पॉइंट 15 और हॉट स्प्रिंग एरिया से सैनिक कुछ पीछे हटे हैं। गलवान घाटी से 3 जून को ही चीनी सैनिक करीब 2 किलोमीटर पीछे चल गए थे। गतिरोध के चार पॉइंट्स की पहचान की गई जो पैंगोग त्सो एरिया में फिंगर-4, गलवान वैली में पेट्रोलिंग पॉइंट-14, पेट्रोलिंग पॉइंट-15 और हॉट स्प्रिंग एरिया है।

### ट्रंप पर भड़का नॉर्थ कोरिया, सेना को मजबूत करेगा तनाशाह किम जोंग उन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
सोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिकी खतरों से निपटने के लिए अपने सैन्य बलों को और मजबूत करने का शुक्रवार को फिर से संकल्प लिया है। उसने कहा कि यदि अमेरिका देश पर प्रतिबंध लगाना और दबाव बनाने की कोशिश करना जारी रखता है तो उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्यक्तिगत संबंध बनाए रखने का कोई कारण शेष नहीं बचेगा।

किम जोंग उन और ट्रंप के बीच पहली शिखर वार्ता के दो वर्ष पूरे होने पर उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री री सोन ग्वोन ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया तब तक ट्रंप को विदेश नीति की उपलब्धियों के तौर पर गिना सकने वाली उच्चस्तरीय बैठकों का तोहफा और छूट नहीं देगा, जब तक अमेरिका बदले में कुछ महत्वपूर्ण नहीं देता है।

**दोनो देशों के संबंधों में कोई तथ्यात्मक सुधार नहीं हुआ**

री ने कहा, 'सवाल यह है कि सिंगापुर में मिलाए गए हाथों को मिलाकर रखने की आवश्यकता है या नहीं। हमें लगता है कि हमारे सर्वोच्च नेतृत्व और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच केवल व्यक्तिगत संबंध बनाने से अमेरिका और उत्तर कोरिया के संबंधों में कोई तथ्यात्मक सुधार नहीं हुआ है।'



### महिलाएं रखें कई पति, चीन में अजब मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में अविवाहित पुरुषों की बढ़ती तादाद संकट का सबब बनती जा रही है। लैंगिक असमानता की वजह से चीन में हालात इतने ज्यादा खराब हो गए हैं कि वर्ष 2050 तक 3 करोड़ पुरुष अविवाहित रह जाएंगे। इस संकट के समाधान के लिए चीन के एक प्रफेसर ने अधिकारियों को एक क्रांतिकारी बदलाव करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को महिलाओं को दो या दो से अधिक पति रखने का अधिकार देना चाहिए। चीनी अर्थशास्त्री यी कांग एनजी ने कहा कि महिलाओं को कुछ समय के लिए दो या उससे अधिक पति रखने का अधिकार देने से इस सामाजिक समस्या का समाधान हो सकता है।

## मच्छरों के थूक से बनेगी सुपर वैक्सीन डेंगू जैसी कई बीमारियों का होगा खामा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। करीब 5 साल पहले मच्छरों से भरे कंबोडिया के एक ऑफिस में बैठी जेसिका मैनिंग के दिमाग में एक बड़ा आइडिया आया। जेसिका मैनिंग ने सोचा कि क्यों न मलेरिया की वैक्सीन तलाशने की बजाय मच्छरों से पैदा होने वाले सभी विषाणुओं के खात्मे के लिए एक साथ प्रयास किया जाए। अमेरिका के संक्रामक रोग संस्थान में काम करने वाली शोधकर्ता जेसिका का मानना है कि मच्छरों के लार में पाए जाने वाले प्रोटीन से एक वैश्विक वैक्सीन का निर्माण किया जा सकता है।

अगर यह वैक्सीन बनाने में सफलता मिल जाती है तो इंसान के शरीर में प्रवेश करने वाले सभी रोगाणुओं से होने वाली बीमारियों से रक्षा हो सकेगी। इसमें डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जीका, यलो फीवर, मायरो आदि अन्य बीमारियों से इंसान का बचाव हो जाएगा। मैनिंग ने कहा, हमें और ज्यादा रचनात्मक तरीके अपनाने होंगे। यह वैक्सीन पवित्र प्याले की तरह से होगी जिससे कई बीमारियों से बचाव होगा।

**अगर वैक्सीन बनाने में सफलता मिल जाती है तो कई रोगाणुओं से होने वाली बीमारियों से होगी रक्षा**

गुरुवार को मशहूर पत्रिका लांसेट में जेसिका और उनके सहयोगी का शोध छपा है। इसमें मच्छर के थूक से बनी वैक्सीन के पहले क्लिनिकल ट्रायल के परिणाम के बारे में बताया गया है। इस ट्रायल में पता चलता है कि मच्छर के लार से बनी वैक्सीन Anopheles सुरक्षित है और इससे एंटीबॉडी बनता है और कोशिकाओं का रेस्पांस बढ़ता है। एक शोधकर्ता माइकल मैक्क्रैकन का कहना है कि प्रारंभिक परिणाम बुनियादी हैं।

**मच्छर धरती पर सबसे खतरनाक जीवः** मैक्क्रैकन ने कहा, यह बड़ी उपलब्धि है। महत्वपूर्ण सफलता है। मच्छर धरती पर सबसे खतरनाक जीव हैं। केवल मलेरिया से हर साल 4 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इनमें ज्यादातर मौतें गरीब मुल्कों में होती है जहां वैक्सीन के शोध के लिए काम नहीं होता है और पैसा भी नहीं दिया जाता है।

### भारत से बातचीत के जरिये अपनी जमीन वापस हासिल करेंगे: शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने कहा है कि उनकी सरकार राजनयिक प्रयासों और ऐतिहासिक तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर संवाद के जरिये कालापानी मुद्दे का समाधान तलाश करेगी। ओली ने यह दावा दोनों देशों के दरम्यान चल रहे सीमा विवाद के बीच किया है। नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को अपने क्षेत्र में दिखाते हुए एक राजनीतिक मानचित्र जारी किया, जिसपर भारत ने सख्त लहजे में नेपाल को किसी भी तरह के कृत्रिम विस्तार से बचने की सलाह दी। ओली ने संसद में एक सवाल के जवाब में कहा, हम बातचीत के जरिये भारत द्वारा कब्जाई गई जमीन वापस हासिल करेंगे। ओली ने दावा किया कि भारत ने कालापानी में सेना तैनात करके नेपाली क्षेत्र में काली मंदिर, एक कृत्रिम काली नदीश का निर्माण और अतिक्रमण किया। काली नदी दोनों देशों के बीच सीमा को परिभाषित करती है। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वजों ने बड़े संघर्षों से इस जमीन को पाया और बचाया है। अगर हम अडिग रहे तो ही अपनी क्षेत्रीय अखंडता का कायम रख पाएंगे।